तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



16 मातृ दिवस पर भावनाओं और संस्कारों से सराबोर ...





14 मैत्रीबाग चिड़ियाघर में नौकाविहार का रोमांच नहीं ...





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### ग्राम नारायणपुर में समाधान शिविर आज

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत 12 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत नारायणपुर के शास. हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। ग्राम नारायणपुर कलस्टर में ग्राम भिलौनी, झुलना, चकवाय, नारायणपुर, अमलडीहा. लोहडंगिया, दर्री, मोहलाईन, घुरसेना, चिचोली, अकोली करमसेन, टेमरी टोहड़ी एवं नवागांव ग्राम पंचायत के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे निर्धारित किया गया है। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र अनेक हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने ग्रामीण जनों को शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

पर्व

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में उमड़ा आस्था का सैलाब

### ग्राम जौग के ऐतिहासिक शिव मंदिर में हुआ भव्य आयोजन, वर्चुअल प्रसारण से जुड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम जौग स्थित ऐतिहासिक एवं प्राचीन स्वयंभू शिव मंदिर परिसर में सोमवार को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" श्रद्धा, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक चेतना के साथ भव्य रूप से मनाया गया। गुजरात में भगवान श्री सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद पंचायत बेमेतरा द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय समारोह का वर्चुअल प्रसारण रहा, जिसे ग्राम जौग सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक देखा। मंदिर परिसर "हर-हर महादेव" और "जय सोमनाथ" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने इस ऐतिहासिक अवसर को भारतीय संस्कृति और आस्था का गौरवपूर्ण क्षण बताया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय



स्वागत किया। विधायक ने भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की तथा भगवान सोमनाथ के सहस्त्राब्दी वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश एवं जिलेवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भारत की आत्मा उसकी संस्कृति, परंपराओं और आस्था में बसती है। ग्राम जौग का यह प्राचीन शिव मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक पहचान का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात में आयोजित यह ऐतिहासिक समारोह पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ने वाला आध्यात्मिक आयोजन है। वर्चुअल माध्यम से जौग की जनता का इस कार्यक्रम से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि भारत की सांस्कृतिक चेतना देश के हर कोने में समान रूप से प्रवाहित हो रही है।

विधायक दीपेश साहू ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक तथा अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर जैसे कार्य भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रेरणादायी मिसाल हैं। इन परियोजनाओं ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को भी नई दिशा दी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, सरपंच अश्वनी साहू, देवनारायण साहू, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष छोटूराम साहू, सोसायटी अध्यक्ष भागी साहू, वेदप्रकाश वैष्णव, संदीप खरे, डेरहा देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी नरेगा रवि कराडे, एसबीएम ब्लॉक कोऑर्डिनेटर घनश्याम सिन्हा, तकनीकी सहायक मनींद्र जय साहू, विकास विस्तार अधिकारी भारत बंजारे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। अंत में विधायक दीपेश साहू ने आयोजन से जुड़े सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# लोहे का धारदार हथियार लहराकर युवक को जान से मारने की दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना साजा पुलिस ने लोहे का धारदार हथियार लेकर युवक को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया कुंजू बाई वर्मा (45 वर्ष) निवासी ग्राम परसबोड थाना साजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 09 मई 2026 की रात करीब 9:30 बजे उनके घर के सामने एक युवक अश्लील गालियां देते हुए उनके बड़े बेटे रवि वर्मा को बाहर निकलने और जान से मारने की धमकी दे रहा था। प्रार्थिया ने बताया कि जब वह और उनका छोटा बेटा घर से बाहर निकले तो गांव का करण ठाकुर हाथ में लोहे का धारदार हथियार लेकर रवि वर्मा को मारने-काटने की धमकी दे रहा था। विरोध करने पर आरोपी और अधिक आक्रोशित हो गया तथा रवि वर्मा को बाहर निकालने की बात कहते हुए लगातार गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देता रहा।

शिकायत के आधार पर थाना साजा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव एवं एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई की गई। ▶▶| शेष पेज 15 पर




# मैत्रीबाग चिड़ियाघर में नौकाविहार का रोमांच नहीं ले पा रहे सैलानी

## नन्हे पर्यटक और यंगस्टर हो रहे मायूस, एग्रीमेंट खत्म होने से अवरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग में गर्मी के मौसम में नौका विहार का मजा ही कुछ और होता है। लेकिन इन दिनों पर्यटक इसका लुत्फ नहीं पा रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े से बोटिंग बंद होने से उन्हें निराश होना पड़ रहा है।

मैत्रीबाग में प्रबंधन द्वारा बोटिंग का संचालन ठेका एजेंसी के माध्यम से किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक बोटिंग का ठेका एक साल के लिए दिया गया था। इसके बाद विभाग द्वारा नौकायन के संचालन के लिए ठेका रिन्यू किया जाना था या दूसरी एजेंसी को यह काम दिया जाना था। लेकिन ठेका कार्य संपादित होने की प्रक्रिया में लेटलतीफी के चलते पिछले हफ्तेभर से बोटिंग का संचालन बंद है। झील के बोट काम्पलेक्स के गेट में ताला लगा हुआ है। मैत्रीबाग में 7 बोटें हैं। बोटिंग बंद होने से पर्यटकों को मायूस बैरंग लौटना पड़ रहा है। खासकर बच्चे और युवा नौका संचालन बंद होने से मायूस हैं। मैत्रीबाग आए पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में गर्मी के दिनों बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ यहीं होती है। लेकिन झील के किनारे सन्नाटा पसरा हुआ है। बोटिंग का संचालन जल्द शुरु होने से पर्यटक इसका लुत्फ उठा सकेंगे।




### म्यूजिकल फाउंटेन भी बंद पड़ा

मैत्रीबाग में गर्मी के दिनों में म्यूजिकल फाउंटेन सैलानियों का प्रमुख मनोरंजन का माध्यम था। लेकिन यह फाउंटेन भी पिछले लंबे समय से बंद पड़ा है। इस कारण इसका नजारा लेने यहां आने वाले लोगों को हताश होना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग में वर्ष 2000 में इंस्टाल अनूठे म्यूजिकल फाउंटेन का शो हफ्ते में दो दिन गुरुवार और शनिवार को शाम 7 किया जाता था। इसके उद्घाटन के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा इसे अपनी तरह का देश का पहला और यूनिक म्यूजिकल फाउंटेन बताया गया था। जब सतरंगी फौव्वारा फिल्मी गीत की सुरीली धुन के साथ जल तरंगें नाचती थीं तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे। लेकिन कुछ साल पूर्व तकनीकी खराबी से बंद होने पर कुछ बार इसे सुधार कर चालू किया गया पर कुछ दिनों बाद फिर बंद हो जा रहा था। पर्यटकों ने बताया कि लंबे समय से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन का जल्द रिपेयर किये जाने की जरुरत है ताकि सभी इसका लुत्फ उठा सकें।

## खबर संक्षेप

### पुष्पा ने ग्लोबल बिजनेस समिट में किया प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप–3 की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस ने मलेशिया के विन्धम क्लांग में आयोजित ग्लोबल बिजनेस समिट में संयंत्र का प्रतिनिधित्व किया। ग्लोबल सिनर्जीः बिजनेस विदाउट बाउंड्रीज़ विषय पर हुए सम्मेलन में वैश्विक उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधि, नीति-निर्माता व विशेषज्ञ शामिल हुए। श्रीमती एम्ब्रोस ने विषय वैश्विक उद्योगों को बढ़ावा देनाः सहयोग और अवसर पर वैश्विक औद्योगिक परिदृश्य में सीमापार सहयोग, नवाचार तथा एकीकृत व्यावसायिक दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान वैश्विक औद्योगिक सहयोग, वर्ष 2026 एवं उससे आगे के आर्थिक परिदृश्य, वैश्विक गतिशीलता तथा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों व संस्थानों को सम्मानित किया गया।

### आकाशगंगा मार्केट में जनमित्र कार्यक्रम



**भिलाई।** आकाश गंगा मार्केट सुपेला में जनमित्र कार्यक्रम हुआ। जिसमें व्यापारियों, मजदूरों, वाहन चालकों को नशा, साइबर अपराध, ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ,निरीक्षक विजय यादव मार्केट में पहुंचे थे। लोगों को नशे से होने वाले गंभीर परिणाम, साइबर ठगी से बचाव के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर आवश्यक जानकारी दी। नशा संबंधी शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1933, साइबर फ्रॉड से जुड़े शिकायत के लिए 1930, ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की सूचना 1033 नंबर पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, ट्रैफिक संकेतों का पालन करने की समझाइश दी गई। नागरिकों से क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की गई। उक्त जनजागरुकता कार्यक्रम में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## कर्मचारियों का भी वेतन समझौता अपूर्ण, मुर्गा चौक पर आज जंगी प्रदर्शन

# बीएसपी के हजारों श्रमिकों को न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलने से बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निजीकरण और मेनपावर के संकट के चलते देश की नवरत्न कंपनी सेल के सबसे के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूरों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। चौतरफा शोषण से असंतोष बढ़ रहा है। केंद्रीय निर्धारित न्यूनतम वेतन, सुविधाएं, बोनस और सुरक्षा उपकरणों में ठेका कंपनियों की कोताही और अब 35 प्रतिशत श्रमिकों की छंटनी की तैयारी से हजारों मजदूरों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर अब यूनियनों ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा आज सोमवार को मुर्गा चौक पर जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं एचएमएस यूनियन ने भी लंबे आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। नियमित कर्मी मात्र 11 हजार बचे हैं। सबसे ज्यादा काम का दबाव मजदूरों पर पड़ रहा है। लेकिन उन्हें वेतन व अन्य सुविधाओं को लेकर प्रबंधन उदासीन बना हुआ है। इंटक यूनियन के मुताबिक वर्तमान हालात में ठेका मजदूर व नियमित कर्मियों दोनों में भी भारी आक्रोश है। महती योगदान देने के बाद भी मजदूरों को न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है और न ही सामाजिक सुरक्षा ही उपलब्ध है। इस पर मजदूरों के 35 प्रतिशत छंटनी के फरमान से चिंता और असंतोष है। नियमित कर्मियों का भी वेतन समझौता अब तक अपूर्ण है, मेनपावर की कमी के बीच उन्हें वीआर व सीआर के दबाव के बीच काम करने मेजबूर होना पड़ रहा है। यूनियन के महासचिव संजय साहू ने बताया कि ठेका श्रमिकों के लिए केंद्रीय न्यूनतम वेतन लागू कर न्यूनतम मासिक वेतन 26 हजार रुपए निर्धारित करने, 35% ठेका श्रमिकों की छंटनी पर रोक लगाने, काम की गारंटी सुनिश्चित करने तथा सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और आदि मांगों को लेकर मुर्गा चौक पर सुबह 7.45 से 8.45 तक प्रदर्शन किया जाएगा।

यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों के वेतन समझौता पूर्णकर 39 महीने के एरियर्स भुकतान, 1 जनवरी 2027 से वेज बोर्ड गठन, 650 वर्ग फीट के सभी आवासों को लाइसेंस पर देने व सब्जेक्ट टू वेकेसन को पुनः शुरू करने की मांग की जाएगी।

### लंबित मांगों को लेकर स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के बैनर तले एकजुट होंगे ठेका मजदूर



### एचएमएस ने दी शोषण खत्म नहीं होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

भिलाई हिंद मजदूर सभा ( एचएमएस ) ने भी बीएसपी में ठेका मजदूरों के चौतरफा शोषण व प्रबंधन तथा श्रम विभाग की उदासीनता के खिलाफ जल्द मांग पूर्ण नहीं होने पर लंबे आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन के छग प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने डायरेक्टर इंचार्ज से मजदूरों की सभी मांगों के जल्द निदान की मांग की है, ऐसा नही होने पर लंबे आंदोलन की चेतावनी दी है। श्री मिश्रा ने बताया की बीएसपी में कठिन परिश्रम करने वाले 25 हजार श्रमिकों का सबसे बड़ा योगदान है। फिर भी प्रबंधन व केंद्र या राज्य सरकार, सभी कर्मचारियों का हक छीनने मजदूरों का शोषण करने व गला काटने वाले नियम बनाये जा रहे हैं। 29 श्रम कानून को समाप्त कर 4 श्रम संहिता बनाने से बीएसपी मे बाहर से आने वाले विभागीय वरिष्ठ अधिकारी को काम देने से स्थानीय कंपनी और ठेकेदार को काम नहीं मिल पा रहा है। 5 से 10 साल काम करने वाले मजदूरों का नियमितीकरण, रिटेंसन व सालाना बोनस 8.33 तथा लाभ अर्जित करने पर 20 प्रतिशत बोनस दिया जाए। बैलेंस शीट के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि भी मंहगाई के दर से भुगतान किया जाये। नियमित कर्मचारी हो या ठेका कर्मचारी सभी को ईएसआई के माध्यम से परिवार के सभी सदस्यों को चिकित्सा लाभ के साथ पीएफ की कटौती पूरी हाजिरी के हिसाब से काटा जाये। 10 दिन 12 दिन 14 दिन की हाजिरी का पीएफ कटौती करते करने वाली ठेकेदारों और कंपनियों पर कार्रवाई की जाए व अधिकतर ठेकेदारों द्वारा 3 हजार र से 4000 रूपये बोनस देना नियम विरूद्ध है। अधिकतर ठेकेदार सुरक्षा के उपकरण नहीं दे रहे हैं 4 हजार से 5 हजार रूपये वापस ले लेते हैं। जो मजदूरनहीं देते उन्हें काम से निकालने की बात व धमकी देते है। कानून से बचने के लिये कुछ ठेकेदार 12 हजार रूपये खाते में डालते है। बीएसपी व एनएसपीसीएल में एडब्ल्यूए 3700 रूपये महिने का देना है। लेकिन 2-4 कंपनी व ठेकेदार को छोड़कर सभी ठेकेदार व कंपनी वाले 1300 से 1400 रूपये महीने दे रहे हैं। कुछ कंपनी प्लांट में 12 घंटे काम कराते हैं और 8 घंटे का आईआर बनाते हैं। आपरेटिंग अथॉरिटी और उच्च अधिकारी चुप हैं। 5 वर्ष के बाद वेज रिवीजन का निर्धारण व पदोन्नति किया जाये।

## बीएसपी का पचास साल पुराना पीआर कार्यालय जल्द से.1 में होगा स्थानांतरित

### पुराने परिसर में बनेगी सबसे लंबी रेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात भवन के निकट स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र का जन संपर्क कार्यालय जल्द ही सेक्टर 1 पोस्ट ऑफिस के पास जेपी सीमेंट के गेस्ट हाउस भवन में संचालित किया जाएगा। इसके लिए शिफ्टिंग का काम शुरू हो गया है। पुराने कार्यालय परिसर में जल्द ही दुनिया की सबसे लंबी रेल पांत की ढलाई का प्रोजेक्ट शुरू होगा।

- सामान शिफ्टिंग का काम शुरू

बीएसपी के प्रस्तावित एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल का निर्माण किया जाना है। मिल का विस्तार बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग (आईआर) और जनसंपर्क विभाग कार्यालय के आगे तक किया जाना है। इसके लिए सालभर पूर्व स्थल चिन्हांकित करने के बाद दायरे में आने वाले भवनों को डिस्मेंटल किया जाना है। पिछले दिनों पीआर परिसर के चिन्हांकित कुछ पेड़ों आदि कटाई के बाद अब इस कार्यालय को स्थानांतरित किये की तैयारी शुरू हो गई है। पुराने जन संपर्क कार्यालय से सामानों की शिफ्टिंग नए कार्यालय भवन सेक्टर 1 में शुरु हो गई है। सभी सामानों और स्टेशनरी आदि की ढुलाई पूर्ण होते ही विभागीय नए भवन से पीआर आफिस का संचालन शुरू हो जाएगा।

2 मिलियन टन उत्पादन वाले बीएसपी की स्थापना के बाद 70 के दशक में इस्पात भवन का निर्माण होते ही इसके निकटस्थ ही पीआर आफिस स्थित था। इस दौरान संयंत्र में करीब 65 हजार वर्कर्स कार्यरत थे और 15 साल पूर्व तक तीस कर्मियों का स्टाफ पीआर कार्यलय में हुआ करता था। इनमें करीब दर्जनभर अधिकारी थे। यहां फोटो सेक्शन के साथ बीएसपी का अपना प्रिटिंग प्रेस भी हुआ करता था। इस्पात विहंगम और स्पाट लाइट जैसी करीब आधा दर्जन कंपनी की गतिविधियों की रंगीन पत्रिकाएं यहां प्रकाशित होती थीं। इस दौरान बीएसपी में घटकर 15 हजार होते ही आज इस विभाग में मात्र 7 लोगों का स्टाफ है जिनमें 3 अधिकारी कार्यरत हैं। पांच स्टाफ आउटसोर्स पर हैं। वर्तमान में बीएसपी की उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन है।

## बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई का अभियान तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाकर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। निगम द्वारा स्मृति नगर दीनदयाल कॉलोनी, संजय नगर तालाब के सामने, सूर्यकुंड के पीछे स्थित पोलियो अस्पताल, वार्ड क्रमांक 31 दुर्गा पारा तथा जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र में लगातार सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। सफाई कर्मियों द्वारा नालियों में जमी गंदगी, कचरा एवं अवरोधों को हटाकर पानी के सुचारू बहाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के सभी जोन का स्वास्थ्य विभाग अमला अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य में जुटा हुआ है। निगम प्रशासन का उद्देश्य बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव एवं गंदगी की समस्या से राहत दिलाना है।

## कक्षा 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल पर 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित SWAYAM पोर्टल के माध्यम से कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा सत्रहवें चक्र के अंतर्गत 16 अप्रैल से 15 सितंबर 2026 तक 11 विषय क्षेत्रों में कुल 28 ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों की जानकारी एवं नामांकन के लिए विद्यार्थी और शिक्षक https://ciet.ncert.gov.i n/initiative/moocs-on-swayam पर अवलोकन कर सकते हैं। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का SWAYAM पाठ्यक्रमों में अधिक से अधिक नामांकन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही संबंधित विषयों के शिक्षकों को भी इन पाठ्यक्रमों में सहभागिता के लिए प्रेरित करने कहा गया है। विद्यालय स्तर पर SWAYAM पाठ्यक्रमों की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों से विद्यार्थियों के अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट में ट्रैफिक पुलिस चेकिंग, 5 प्रमुख पॉइंटों पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ट्रैफिक पुलिस द्वारा जिले में सड़क हादसों की रोकथाम और ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र स्थित चिन्हित ब्लैक एवं ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागिन दाई मंदिर अंडा, बसनी चौक धमधा, अहिवारा मोड़ मुरमुन्दा चौक, फुंडा चौक, मोतीपुर चौक अमलेश्वर समेत कुल 5 प्रमुख पॉइंटों पर सघन जांच की गई। जांच के दौरान 8 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। जिनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई।

जांच में यह भी पाया गया कि कई मालवाहक वाहन चालक दिन के समय भी शराब सेवन कर वाहन चला रहे थे। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर खतरनाक स्थिति है। इसके अतिरिक्त मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले 10 वाहन चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की गई। चिन्हित ब्लैक, ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में प्रातः 6 बजे से विशेष वाहन चेकिंग, अन्य जिलों से जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर नशे में वाहन चलाने वाले मालवाहक वाहन चालकों पर कार्रवाई, मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले 10 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा विशेष अभियान के दौरान कुल 149 लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

## शहर में सफाई के लिए नई मशीन 15 किमी की सफाई महज 8 घंटे में

**दुर्ग।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सड़क सफाई कार्य में उल्लेखनीय तेजी लाई गई है। शहर क्षेत्र के अंतर्गत निगम प्रशासन द्वारा रोड स्वीपिंग कार्य को ट्रैफिक कम होने के पश्चात रात्रिकालीन समय में संचालित किया जा रहा है।




इस पहल से न केवल सफाई कार्य में गति आई है, बल्कि दिन के समय यातायात भी प्रभावित नहीं हो रहा है। आधुनिक मशीन की विशेषता यह है कि यह लगभग 15 किलोमीटर लंबी एवं 10 फीट चौड़ा क्षेत्रफल को मात्र 8 घंटे में साफ करने की क्षमता रखती है। इससे पहले यही कार्य मैन्युअल रूप से करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता था।

जानकारी के मुताबिक मशीन के माध्यम से सफाई कार्य में न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि निगम का लक्ष्य है कि शहर की सभी प्रमुख सड़कों को नियमित रूप से मशीन के माध्यम से साफ कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस नवाचार से शहरवासियों को साफ-सुथरी सड़कें मिलने के साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## भेंट मुलाकात कार्यक्रम में देवेन्द्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जल संकट और बिजली कटौती पर भड़के विधायक, अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में भेंट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

भेंट-मुलाकात में सबसे ज्यादा शिकायतें भीषण गर्मी के बीच जल संकट को लेकर सामने आईं। खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र से पहुंचे करीब 50 से अधिक महिला-पुरुषों ने विधायक को बताया कि उनके इलाके में पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के कारण काम समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टंकी अब तक शुरू हो जानी थी, लेकिन देरी के चलते लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।



इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने नाराजगी जताते हुए निगम जोन-4 के अधिकारियों को फोन पर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में तत्काल नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जाए और जहां जरूरत हो वहां पाइप लाइन का विस्तार किया जाए।

वहीं वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कोहका और कुरूद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने बिजली कटौती की समस्या उठाई। लोगों ने बताया कि बिजली कंपनी बिना सूचना के कभी भी बिजली बंद कर देती है, जिससे आमजन खासकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गर्मी में बेहद परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। इस पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने और अनावश्यक कटौती बंद करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग राशन कार्ड, श्रम कार्ड, पेंशन, सहायता राशि, स्कूलों में बच्चों के प्रवेश और महतारी वंदन योजना से जुड़ी समस्याएं लेकर भी पहुंचे। विधायक देवेंद्र यादव ने सभी मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

## लोको पायलट के मकान से 8 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सुपेला थाना से कुछ दूर पर स्थित पॉश कालोनी राधिका नगर में रेलवे के लोको पायलेट के मकान में लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज जांच शुरू की है। सुपेला पुलिस ने बताया कि रेलवे में कार्यरत लोको पायलट राधिका नगर निवासी त्रिलोकी नाथ अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार की रात खुर्सीपार में शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। देर रात करीब 1 बजे जब परिवार वापस लौटा तो देखा कि मकान के पीछे का दरवाजा खुला है। भीतर जाकर देखने पर बेडरूम में रखी अलमारी और लॉकर भी खुले पड़े थे। उनकी पत्नी के शादी का जेवरात गायब मिले। पत्नी ने बताया कि आलमारी से उसका सोने का मांग टीका, कान के जेवर, नाक की नथ, गले की चेन, पायल, अंगूठी समेत कई सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए।

वहीं त्रिनाथ की अंगूठी और चेन सहित नगद 1 लाख रुपए चोरी हुए हैं। घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था, लेकिन सीसीटीवी कैमरे का स्वीच ऑफ मिला। मकान के भीतर दो लॉकर से कैश और जेवरता की चोरी हुई है।

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास, बची जान

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया। जब बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक यात्री का संतुलन बिगड़ गया। स्पीड पकड़ती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के गैप में यात्री बुरी तरह फंस गया। जिससे उसकी जान पर बन आई थी। लेकिन मौजूद आरपीएफ के एएसआई निरंजन ने यात्री को देख तुरंत उसे बचा लिया। पलक झपकते ही यात्री को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। इस खौफनाक मंजर को देख प्लेट फॉर्म दुर्ग में अफरा-तफरी मच गई थी। लेकिन जवान की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उपचार के लिए यात्री को अस्पताल भेजा गया है।

### रेल-वन ऐप से यात्रियों को मिल रही है सुविधा

**भिलाई।** दुर्ग रेलवे स्टेशन में भी रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकटों की आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। यात्रियों को पीएनआर स्टेटस, वेटिंग स्थिति, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन, प्रस्थान समय, प्लेटफॉर्म, कोच पोजिशन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रियल टाइम में मिल रहा है। रेलवन ऐप सुरक्षित, सुविधाजनक, तेज डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराता है। सुविधाजनक डिजिटल टिकटिंग सुविधा मिलने के कारण यात्रियों का समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। टिकट काउंटरों में भीड़ एवं लंबी कतारों से राहत मिल रही है। यह ऐप पारदर्शी एवं कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ खुल्ले पैसे और फेक करेंसी जैसी समस्याओं से भी राहत प्रदान कर रही है।

### शराब बेचने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिरसाकला नहर भिलाई तीन पुलिया के पास पिट्ठु बैग में अवैध रूप से शराब रखकर बेचने वाले को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम बाजार चौक देवबलौदा निवासी नरेश कुमार रात्रे बताया। आरोपी के कब्जे से 30 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कुल 5.40 बल्क लीटर जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3,000 रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास शराब रखने एवं बेचने को लेकर वैद्य दस्तावेज,लाइसेंस नहीं मिला। पकड़कर युवक को न्यायालय भेजा गया।

### नो पार्किंग में वाहन, ठेला चलाने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नो पर्किंग में वाहन और ठेला लगाने वालो पर लगाम लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण के कारण उत्पन्न होने वाली जाम, हादसों की समस्या पर लगाम लगाना है। इसके तहत सुपेला संडे मार्केट क्षेत्र में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था अभियान चलाया गया। सड़क पर अव्यवस्थित रूप से ठेला दुकान लगाने वाले संचालकों को सड़क खाली कराकर रोड किनारे स्थान पर व्यवसाय करने को कहा गया है। इंदिरा मार्केट एवं सिविक सेंटर क्षेत्र में सफेद लाइन के बाहर वाहन खड़ा कर ट्रैफिक बाधित करने वाले कुल 58 दोपहिया, चार पहिया वाहन चालकों पर नो पार्किंग धाराओं के तहत ई-चालान कार्रवाई की गई।

### काम रोकने गये ग्रामीण के साथ गाली गलौच कर धमकाने का लगा आरोप

# ग्राम करमू के गौठान में गोवंश के लिए बनी डबरी में खनन माफिया ने किया अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

लगातार समूचे जिले मे अवैध खनन का मामले सामने आते रहे है आज तो हद हो गयी जब सत्ता पक्ष के जुडे एक जनप्रतिनिधि ने सीधे गौठान को ही अवैध खनन कै लिए आपना निशाना बनाया है।मामला तहसील क्षेत्र के समीपस्थ करमू ग्राम का है जहां पूर्वर्तीय सरकार मे बने नरवा,गरवा,घुरवा व बाडी के तहत गौठान को बगैर अनुमति अवैध रूप से जेसीबी के माध्यम से करीब 10 फीट से अधिक गहरा और 100 फीट चौडा अवैध कत्तल मीट्टी खनन कर हाईवा से परिवहन कर जिला प्रशासन को बडी चुनौती दिया है।

बीती रात कुछ ग्रामीणो द्वारा खनन रोकने हेतु पहूंचने पर उक्त जनप्रतिनिधि ने उनके साथ गाली गलौच कर गढ्ढे मे पाट देने जैसे धमकी भी देने का आरोप ग्रामीणो ने लगाया है।अवैध खनन का कार्य पिछले एक पखवाडे से सरपंच के मिलीभगत के चलते बेखौफ चल रहा है।इस मामले को लेकर ग्रामीण 13 मई के घिवरी समाधान शिविर मे भीड के साथ शिकायत करने वाले है।समीपस्थ ग्राम करमू मे बने गौठान के साथ गोवंशो के पानी पीने हेतु डबरी का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था।



**कमजोर पडती विपक्ष की भूमिका पर उठने लगी है सवाल**

थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र मे अवैध कामो की बाढ आ गयी है। शराब व गांजे की अवैध बिक्री,पेड़ों की अंधाधून अवैध कटाई व परिवहन,जगह नगह नदी तालाबो में अवैध उत्खनन, सट्टा व जूआ जैसे कामो में सत्ताधारीयो की की संलिप्तता कै बावजूद विपक्षी पार्टी मौन धारण किये हुए है। शायद अब विरोध करने की इनकी क्षमता क्षीण होती जा रही है ऐसी परिस्थिति में प्रशासनिक कार्रवाई भी ढीली पड़ती नजर आती है। विपक्ष के कई टुकडों मे बंटे होने तथा कमजोर नेतृत्व के कारण ही आज सत्ताधारी लोग सत्ता धीशो के लिए विपक्ष को चुनौती खड़ी नही कर पा रही है।कांग्रेस की महंती योजना गौठान योजना मे गौवंशो की पानी पीने की जगह पर खनन माफिया का प्रसार खुद विपक्ष को बड़ी चूनौती दे रहा है।

परंतु ठेकेदार द्वारा विशाल गढ्ढे खोदे जाने के बाद बरसात के दिनो मे गोवंशो के डूबने का खतरा भी बना गया है। पिछले महिने जिला खनिज अधिकारी द्वारा आवैध खनन करने वालो पर बडी कार्रवाई किया गया था। परंतु सत्ता के नशे चूर देशभक्ति के साथ गौभक्ति का पाठ पढाने वाली वाली पार्टी से जुड़े एक बड़े जनप्रतिनिधि की करतूत से ग्राम करमू में आक्रोश देखा गया है। उक्त स्थल पर रातभर जेसीबी के माध्यम से खनन कर बेधडक मूरूम मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। इधर बेमेतरा जिलेभर मे चल रहे अवैध खनन मामले मे सत्तधारी भाजपा से जुड़े नेताओ के जेसीबी व हाईवा की संलिप्तता होने की खबरो के बाद विपक्षी दल के साथ ही ग्रामीण भी अब विरोध मे उतरने वाले है। 13 मई को समीपस्थ ग्राम घिवरी में आयोजित होने वाले समाधान शिविर मे गौठान में होने वाले अवैध उत्खनन की पूरजोर शिकायत करने की खबरे मिल रही है।

गौरतलब है की तहसील क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम करमू मे कांग्रेस शासनकाल में नरवा,गरवा,घुरवा,बाडी योजनांतर्गत 25 रूपए की लागत से गौवंशो की सुरक्षा हेतु टीन सेड का निर्माण,खाद कम्पोस्ट तथा पानी हेतु एक डबरी निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था।

उक्त डबरी पर खनन माफिया की गिद्ध नजर पड़ गयी और डबरी में 10 फीट से भी अधिक गहरी जेसीबी से खनन कर सैकडों हाईवा मिट्टी का परिवहन कर खनिज विभाग को बड़ी चुनौती दे रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक खनन माफिया होना बताया गया है। जिसने एक ग्रामीण के साथ अभद्र व्यवहार किया है। जिससे करमू के ग्रामीणो में आक्रोश है।

## बेमेतरा की अरुणिमा शर्मा ने "बस्तर आइडल 2026" में लहराया परचम जूनियर कैटेगरी में जीता द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राग द म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित गायन प्रतियोगिता "बस्तर आइडल 2026" का ग्रैंड फिनाले 9 मई को निर्मल विद्यालय प्रांगण, जगदलपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित पड़ोसी राज्य ओडिशा से आए प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस प्रतिष्ठित मंच पर बेमेतरा की 10 वर्षीय प्रतिभाशाली गायिका अरुणिमा शर्मा ने अपनी मधुर आवाज और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया।

जूनियर कैटेगरी में अरुणिमा ने सुपरहिट गीत "पिया तोसे नैना लागे रे" प्रस्तुत कर शानदार प्रदर्शन किया और द्वितीय रनर अप का खिताब अपने नाम किया। अरुणिमा को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए रु 11,000 नगद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट वाउचर देकर सम्मानित किया गया। उनकी सफलता से बेमेतरा जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकगायक सुनील सोनी, चर्चित गायिका प्रज्ञा त्रिवेदी तथा संगीतकार अतीक रहमान शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की गायकी, सुर, ताल और मंच प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव तथा जगदलपुर महापौर संजय पांडेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और युवा प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजक संस्था राग द म्यूजिकल ग्रुप के संचालकों ने बताया कि "बस्तर आइडल" का उद्देश्य बस्तर अंचल सहित पूरे छत्तीसगढ़ की छिपी हुई संगीत प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण और छोटे शहरों के कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उल्लेखनीय है कि अरुणिमा शर्मा ने अपनी बेमिसाल गायकी, आत्मविश्वास और मंच संचालन क्षमता से न केवल निर्णायकों बल्कि हजारों दर्शकों का भी दिल जीत लिया। उनकी इस उपलब्धि पर बेमेतरा, रायपुर सहित पूरे बस्तर संभाग में हर्ष का वातावरण बना हुआ है।

## भिम्भौरी में लाखों का हॉट-बाजार बना कंडा डिपो, सरकारी बजट पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य मंडी विपणन बोर्ड विभाग द्वारा बेरला ब्लॉक के भिम्भौरी में लाखों रुपए की लागत से निर्मित हॉट-बाजार आज अपनी बदहाली और उपेक्षा की कहानी बयां कर रहा है। करीब तीन वर्ष पहले ग्रामीण व्यापार और साप्ताहिक बाजार व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस हॉट-बाजार की हालत ऐसी हो चुकी है कि यहां अब सब्जी व्यापारियों की चहल-पहल के बजाय गोबर के कंडे और कचरे का अंबार दिखाई देता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस हॉट-बाजार को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और सड़क किनारे लगने वाले बाजारों से निजात दिलाने के लिए तैयार किया गया था, वह आज उपयोग के अभाव में "कंडा डिपो" बनकर रह गया है। नगर के गांधी चौक और अटल चौक में आज भी रोजाना हटरी एवं साप्ताहिक बाजार लग रहा है, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। बताया जा रहा है कि हॉट-बाजार निर्माण के बाद अब तक केवल एक बार ही यहां बाजार लगाया गया। इसके बाद प्रशासन और संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते यह परिसर पूरी तरह वीरान हो गया। वर्तमान में यहां बने खुले और शेडयुक्त चबूतरों पर व्यापारिक गतिविधियों के बजाय गोबर के कंडे सुखाए और रखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंडी बोर्ड दुर्ग संभाग के तत्कालीन अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई। करीब 06 खुले चबूतरे और 06 शेडयुक्त चबूतरे वाले इस हॉट-बाजार का निर्माण गुणवत्ता विहीन होने के कारण शुरुआत से ही अनुपयोगी साबित हुआ। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री खराब होने और सुविधाओं के अभाव की भी शिकायत सामने आ रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि इस हॉट-बाजार का सही ढंग से संचालन किया जाए तो सड़क किनारे लगने वाले बाजारों को यहां स्थानांतरित कर यातायात व्यवस्था सुधारी जा सकती है और ग्रामीण व्यापारियों को बेहतर सुविधा मिल सकती है। लेकिन जिम्मेदार विभागों की अनदेखी के कारण लाखों रुपए की सरकारी राशि का उद्देश्य अधूरा रह गया है।

अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर करोड़ों और लाखों की योजनाओं को धरातल पर उतारने के बाद उनकी निगरानी और उपयोग सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? भिम्भौरी का यह हॉट-बाजार फिलहाल सरकारी योजनाओं की बदहाली और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुका है।

## परपोड़ा-सिंवार पुल पर गहरा गड्ढा, सेतु विभाग की लापरवाही से हादसे का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सेतु लोक निर्माण विभाग के कवर्धा उपसंभाग अंतर्गत आने वाले बेमेतरा जिले के पुलों की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। विभागीय लापरवाही और अनदेखी के चलते शिवनाथ नदी पर स्थित परपोड़ा-सिंवार पुल इन दिनों दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनता जा रहा है।

पुल के बीचों-बीच उभरा स्केल के आकार का गहरा गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं कर पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल से रोजाना बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं। गड्ढे की वजह से वाहन चालक अचानक संतुलन खो रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। खासकर रात के समय यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, क्योंकि गड्ढा दूर से दिखाई नहीं देता। जानकारी के मुताबिक शासन द्वारा दुर्ग ब्रिज डिवीजन के कवर्धा उपसंभाग अंतर्गत बेमेतरा जिले के पुलों की देखरेख और मरम्मत के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 40 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। हालांकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। परपोड़ा-सिंवार पुल की स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों और राहगीरों का आरोप है कि मरम्मत कार्य केवल कागजों तक सीमित है और बजट का सही उपयोग नहीं हो रहा। लोगों का कहना है कि पुल की मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है, जबकि वास्तविक समस्या जस की तस बनी हुई है। गौरतलब है कि जिले में सेतु विभाग के अधीन आने वाले कई अन्य पुल और पुलिया भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। समय पर रखरखाव नहीं होने के कारण इनकी संरचनात्मक मजबूती लगातार कमजोर पड़ रही है। बावजूद इसके विभाग द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जा रही।

इस गंभीर मामले को लेकर जब सेतु निर्माण संभाग दुर्ग के कवर्धा एसडीओ बी.डी. शेन्डे तथा बेमेतरा उप अभियंता एल.के. सिन्हा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो दोनों अधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अधिकारियों का यह मौन रवैया विभागीय जवाबदेही और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से पुल की तत्काल मरम्मत कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 14.50 लाख की ठगी आरोपी लखनऊ से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एम्स में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने यूपी के लखनऊ से गिरफ्तार किया है।

एएसपी मणीशंकर चंद्र ने बताया कि वृंदा नगर कैम्प 1 मुकेश कोसरे ने वैशाली नगर पुलिस में मामले की शिकायत की थी। उसने बताया कि उसका कॉलेज फ्रैंड सेक्टर-6 सड़क-12, मकान नंबर 5 निवासी अभिषेक जयसवाल उसका बड़े अधिकारियों से संबंध होने का झांसा देकर रायपुर एम्स में स्टाफ नर्स के पद पर नौकरी लगाने दावा किया। इसके लिए उसने 14.50 लाख रुपए लिए। अभिषेक ने सितम्बर 2021 से 16 अक्टूबर 2022 के मध्य अपने एसबीआई खाते में अलग-अलग किस्तों में रकम लिया। इसके बाद मुकेश ने उससे ज्वाइनिंग लेटर मांगा तो वो नहीं दे पाया। पैसा वापस करने की बात पर वो टालमटोल करने लगा। उसके बाद आरोपी निवास स्थान से फरार हो गया। पीड़ित की नौकरी भी नहीं लग पाई। मुकेश जब परेशान हो गया तो उसने मामले की शिकायत थाने में की। पुलिस की टीम ने लखनऊ जाकर अभिषेक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने दस्तावेज, तकनीकी साक्ष्य जब्त किए हैं।

## अवैध मुरम खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध मुरम खनन की शिकायतों के बाद खनिज विभाग ने छापामार कार्रवाई करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू के मार्गदर्शन में विभागीय टीम ने विरनपुर क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध खनन में लगे एक जेसीबी वाहन को जब्त किया। बताया गया कि टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से मुरम उत्खनन करते हुए जेसीबी को पकड़ा। कार्रवाई के बाद वाहन को विरनपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। क्षेत्र में पहली बार जेसीबी जब्ती की कार्रवाई होने से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।खनिज विभाग की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए इस तरह का अभियान लगातार जारी रखा जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर नियंत्रण लगाया जा सके।

### लोगों ने विधायक कोर्सेवाड़ा को ज्ञापन सौंप लगाई गुहार

# रेलवे के नोटिस से 50 परिवारों पर बेघर होने का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के वार्ड 27 इंदिरा पारा, जोन-1 रेलवे क्षेत्र में रहने वाले करीब 50 परिवारों के सामने अब बेघर होने का संकट खड़ा हो गया है।

रेलवे प्रशासन द्वारा इन परिवारों को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर रेलवे भूमि से अवैध कब्जा और निर्माण हटाकर जगह खाली करने का निर्देश दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद प्रभावित परिवारों में चिंता का माहौल है। लोगो ने विधायक कोर्सेवाड़ा को ज्ञापन सौंप पीएम आवास योजना के तहत पुनर्वास की मांग की है। नोटिस के बाद प्रभावित परिवारों ने भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर, मंडल महामंत्री एवं छाया पार्षद वेद प्रकाश पाण्डेय से संपर्क कर अपनी समस्या बताई। परिवारों ने मांग की कि उनके मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर राहत दिलाई जाए। रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष और छाया पार्षद के



नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रभावित परिवार अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा के भिलाई-3 स्थित निवास पहुंचे। यहां परिवारों ने विधायक को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि अचानक नोटिस मिलने से उनके सामने रहने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने तत्काल दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से फोन पर चर्चा की। विधायक ने कलेक्टर से आग्रह किया कि नोटिस को निरस्त कराया जाए अथवा 15 दिनों की समय सीमा को आगे बढ़ाया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इस दौरान पीड़ित परिवारों ने पुनर्वास की मांग भी उठाई। परिवारों का कहना था कि यदि उन्हें हटाया जाता है तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उरला क्षेत्र में आवास उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके परिवारों को रहने की स्थायी व्यवस्था मिल सके। विधायक निवास में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य एम. जॉनी, पार्षद चंद्र प्रकाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और प्रभावित परिवार मौजूद थे।

### कोयले से भरे ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा के पास कोयले से भरे एक ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह कोयले से भरा एक ट्रक खड़ा था। अचानक उसमें लदे कोयले से धुंआ निकलना शुरू हो गया। ट्रक में आग लगने की सूचना से वहां हल्ला हो गया। तुरंत मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रक में लगी आग को बुझाया गया।

पेज 13 का शेष

### लोहे का धारदार हथियार ...

विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी करण ठाकुर (22 वर्ष) निवासी परसबोड थाना साजा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार हथियार भी बरामद कर जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी करण ठाकुर पिता गिरधारी ठाकुर को 10 मई 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रोशन लाल टोन्डे, सउनि बनवाली राम सोनकर, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, विजेंद्र सिंह, आरक्षक अर्जुन ध्रुव, गोलू पटेल सहित थाना साजा के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल के कक्षा पहली प्रवेश के लिए कल खुलेगी लॉटरी

**थान खम्हरिया।** पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट अग्रेजी भाध्यम स्कुल मे शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा पहली मे प्रवेश हेतु 13 मई को लॉटरी प्रक्रिया सुबह 9 बजे सै शुरू की जायगी।प्राचार्य शुषमा जोशी ने बताया कि प्रक्रिया अधिकारी व अभिभावको की उपस्थिति मे पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की जायगी।इस आवसर पर पालको को उपस्थित रहने की अपील की गयी है।कक्षा पहली मे प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन भरी गयी है।

### शहर में लगाए जाएंगे विशेष समाधान शिविर

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत 01 मई 2026 से 10 जून 2026 तक विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बेमेतरा शहरी क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक के नागरिकों के लिए 13 मई 2026 को बेसिक ग्राउंड गांधी भवन, वार्ड क्रमांक 04 बेमेतरा में शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 08 से 14 तक के लिए 20 मई 2026 को कबीर कुटी सांस्कृतिक मंच सिंघौरी बेमेतरा में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 15 से 21 तक के लिए 28 मई 2026 को भद्रकाली मंदिर परिसर बेमेतरा में विशेष शिविर आयोजित होगा। सभी शिविरों का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही फ्लेक्स, बैनर एवं प्रचार-प्रसार सामग्री के माध्यम से आम नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविरों में पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की भी व्यवस्था रहेगी। शिविर से संबंधित अधिक जानकारी हेतु डी.आर. साहू, सहायक अभियंता, नगर पालिका परिषद बेमेतरा तथा भोलाराम पटेल, उप अभियंता, नगर पालिका परिषद बेमेतरा से संपर्क किया जा सकता है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय साजा में प्रवेश के लिए कल खुलेगी लॉटरी

**साजा।** स्वामी आत्मानंद शास अंग्रेजी माध्यम विद्यालय साजा में कक्षा पहली में प्रवेश हेतु रिक्त सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया कल बुधवार को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। कक्षा पहली हेतु प्राप्त आवेदनों की पात्र और अपात्र सूची विद्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है तथा किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हेतु 13 मई प्रातः 9.00 बजे तक प्राचार्य के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई।** हत्या का प्रयास कर फरार होने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। दुर्ग पुलिस ने बताया कि वैशाली नगर निवासी नंदन कुमार साव अपने दोस्त के साथ राजीव नगर जैतखाम के पास होली खेल रहा था। तभी आरोपी निवासी वार्ड 19 राजीव नगर अमन माकरंडेय, शास्त्री नगर कैम्प 1 मनोहर टंडन पहुंचे और वहां खड़े होने की बात को लेकर पीड़ित से विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज कर ईंट से सिर पर हमला कर दिया। पीड़ित को घटना में गंभीर चोट आई। उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। विवेचना के दौरान घायल के बयान के आधार पर आरोपी अमन मारकण्डेय, कली उर्फ कली बाई को पुलिस ने पहले ही पकड़ चुकी थी। मुख्य आरोपी मनोहर टंडन फरार चल रहा था। आरोपी अपने घर आया हुआ था, तभी पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

## आयोजन : मोबाइल एडिक्शन पर बच्चों की प्रस्तुति बना आकर्षण का केंद्र

# मातृ दिवस पर भावनाओं और संस्कारों से सराबोर रहा ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा का समर कैम्प समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बेमेतरा द्वारा आयोजित दस दिवसीय समर कैम्प का भव्य समापन मातृ दिवस के अवसर पर भावनात्मक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों, मातृ सम्मान, सामाजिक जागरूकता और संस्कारों का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह में बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों, माताओं एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बेमेतरा की प्रभारी बी के शशि दीदी के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर अल्का तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा प्रदेश महामंत्री संध्या परघनिया, समाजसेवी महेन्द्र सिंह विरदी, पार्षद नीतू कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने माहौल को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह का सबसे प्रमुख आकर्षण मोबाइल एडिक्शन पर आधारित बच्चों की नृत्य-नाटिका रही। प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने बताया कि मोबाइल की बढ़ती लत बच्चों और युवाओं के मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित कर रही है। बच्चों की भावपूर्ण अभिनय शैली और प्रभावशाली संदेश ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया।

अभिभावकों ने इसे वर्तमान समय की गंभीर सामाजिक समस्या पर जागरूकता फैलाने वाली प्रेरणादायक प्रस्तुति बताया। मातृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम भावनाओं से भर उठा जब बच्चों ने अपनी माताओं को स्वयं के हाथों से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। कई बच्चों ने मंच से मां के प्रति प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कविता एवं संदेश भी प्रस्तुत किए। इस दौरान कई माताओं की आंखें नम हो गईं।

समर कैम्प के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल, नृत्य, वेस्ट से बेस्ट, अनुशासन एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों की विशेष सराहना की गई। मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने कहा कि आज बच्चों के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा बच्चों में संस्कार एवं सकारात्मक सोच विकसित करने के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अल्का तिवारी ने कहा कि समर कैम्प जैसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं संध्या परघनिया ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है और संस्कारों की शुरुआत परिवार से होती है। समाजसेवी महेन्द्र सिंह विरदी ने कहा कि आज समाज मोबाइल एडिक्शन और नैतिक गिरावट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में ब्रह्माकुमारीज संस्था का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक है। बी के शशि दीदी ने बताया कि समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं श्रेष्ठ संस्कारों का विकास करना है। दस दिवसीय शिविर में बच्चों को राजयोग मेडिटेशन, नैतिक शिक्षा, समय प्रबंधन, तनाव मुक्ति एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण दिए गए।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, बच्चों एवं अभिभावकों को ब्रह्मा भोजन प्रसाद के रूप में पानी पूरी, आलू पकोड़ा एवं आइसक्रीम वितरित किया गया। पूरे आयोजन में पारिवारिक वातावरण एवं आत्मीयता की सुंदर झलक देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और सकारात्मक समाज निर्माण की दिशा में प्रेरणादायक पहल बताया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के नव नियुक्त पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति प्रमाण पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे शामिल हुए।

■ साजा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को मजबूत बनाने पर जोर

कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, अनुशासन और जनसेवा के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के मार्गदर्शन में संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रियता, पार्टी के प्रति निष्ठा और जनहित कार्यों को देखते हुए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस दौरान ईश्वर वर्मा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रविन्द्र चौबे ने कहा कि ईश्वर वर्मा के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की विचारधारा, सामाजिक न्याय, किसान-मजदूर हित और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

आशीष छाबड़ा ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन और जनता के बीच मजबूत सेतु बनकर कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वर्मा, मंडल अध्यक्ष किलुश यदु, संतोष तिवारी, मनोज जायसवाल, संतोष पटेल, बिहारी साहू, किसान कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गर्मी में मन मोह रहा बेरला नगर पंचायत कार्यालय का अमलताश वृक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भीषण गर्मी के बीच जहां लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान हैं, वहीं नगर पंचायत बेरला कार्यालय परिसर में खिला अमलताश का वृक्ष इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

पीले सुनहरे फूलों से लदा यह वृक्ष अपनी प्राकृतिक सुंदरता से हर किसी का मन मोह रहा है। बेरला-बेमेतरा मुख्य मार्ग किनारे स्थित नगर पंचायत कार्यालय परिसर में लगे इस अमलताश वृक्ष की चमक दूर से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। राहगीर, स्थानीय नागरिक और कार्यालय आने वाले लोग इसकी खूबसूरती को देखकर ठहरने को मजबूर हो रहे हैं। गर्मियों के मौसम में अमलताश के फूलों की विशेष पहचान होती है और इन दिनों इसकी पीली आभा पूरे परिसर की सुंदरता में चार चांद लगा रही है।

नगर पंचायत कर्मचारियों के अनुसार, गर्मी के मौसम में अमलताश, पलाश और गुलमोहर जैसे वृक्ष वातावरण को न केवल रंगीन बनाते हैं, बल्कि लोगों को मानसिक सुकून और प्राकृतिक शीतलता का एहसास भी कराते हैं। धूल और तपिश भरे मौसम में ऐसे वृक्ष लोगों को प्रकृति के करीब लाने का काम करते हैं। फिलहाल सुनहरे फूलों के गुच्छों से सजा यह अमलताश वृक्ष बेरला नगर की पहचान बनता नजर आ रहा है। इसकी मनमोहक छटा राहगीरों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का विषय बनी हुई है।

## नवा तरिया बना आय का जरिया, गोड़गिरी गांव में जल संरक्षण से आत्मनिर्भर हो रहे स्थानीय ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार की नवा तरिया आय के जरिया योजना जिले के ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में विगत दिनों बेरला विकासखंड के ग्राम पंचायत गोड़गिरी में जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से न केवल जल संकट दूर होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति एवं पहचान भी मिलेगी।दरअसल बेरला जनपद के ग्राम पंचायत गोड़गिरी में इस वित्तीय वर्ष करीब 20 लाख रुपये की लागत से 100-100 मीटर के नवीन तालाब (तरिया) के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य काफी तेज गति से प्रारंभ हो चुका है। जिसमे इस निर्माण कार्य से स्थानीय ग्रामीणों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है, जहां वर्तमान में 85 श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। लिहाजा ग्रामीणों को गांव में ही आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि बेरला ब्लॉक के ग्राम गोड़गिरी पहले जल संकट और सीमित आजीविका के साधनों की समस्या से जूझ रहा था।जिसके बाद स्थानीय ग्राम पंचायत में ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों द्वारा लिए गए सामूहिक निर्णय के बाद इस योजना को धरातल पर उतारा गया।बहरहाल तालाब की खुदाई और गहरीकरण से क्षेत्र के भू-जल स्तर में काफी सुधार होगा, जिससे सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी और कृषि कार्यों में सुगमता आएगी। वही आजीविका के नए स्त्रोत के रूप में मछली पालन और सिंघाड़ा की खेती का विकल्प भी मिल सकता है। फिलहाल इस योजना का असल मकसद तालाब निर्माण के बाद ग्रामीणों के लिए आय के स्थायी स्त्रोत विकसित करना है।

तालाब पूर्ण होने के बाद यहाँ निम्नलिखित गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। जिसमे स्थानीय युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को जोड़कर मछली पालन, उथले पानी में सिंघाड़ा तथा मखाना उत्पादन सहित अन्य जलीय कृषि कार्य कर आय बढाकर महिलाओं को सशक्त बनाना अहम है। साथ ही युवाओं और समूहों को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। चूंकि इस योजना का विधिवत शुभारंभ बेरला जनपद पंचायत के सदस्य-रेखा पोषण लाल सिन्हा एवं स्थानीय सरपंच मीनू सुमन पाटिल द्वारा किया गया, जो पंचायत प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के समन्वय से कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस सम्बंध में जनपद सदस्य रेखा सिन्हा ने बताया कि यह परियोजना गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है और वे स्वयं ग्रामीणों को योजना के लाभों के प्रति जागरूक कर रही हैं।

## नगर के शराब दुकान व सब्जी बाजार में पाकिटमारी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया




इन दिनों नगर में मोबाईल व नगद राशि की चोरी की वारदात की बडी खबरे मिल रही प्रति साप्ताहिक बाजार रविवार के दिन 8 से 10 लोग पाकिटमारी के शिकार हो रहे है।इस सप्ताह एक व्यवसायी के सामने जाब मे रखे 07 हजार रूपए को अज्ञात चोर ने पार दिया।

इसी प्रकार दर्जनो मोबाईल की चोरी होने की खबरे सामने आती रही है।नगर के शासकीय शराब दुकान मे भी चोरी के काफी मामले सामने आ रही है,शराब दुकान मे खरीददारो की अधिक भीड होने का फायदा उठाकर शातीर चोर अपनी हाथ साफ कर रहे है खबर है कि चोर बाहर से आकर नगर मे घटना को अंजाम दे रहा है। पीड़ति नागरीक ने आज इस मिमले को लेकर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया है और रविवार को शराब दुकान व फूटकर सब्जी बाजार में पुलिसिया निगरानी प्रदान करने की मांग की है। सनद रहे नगर मे नशाखोरी के बढते प्रभाव ने असमाजिक तत्वो की सक्रिता बढा दी है गांजे की नशे मू मदहोश युवक नशे का सामान खरीदने चोरी व पिकिटमारी जैसे कार्य को अंजाम दे रहे है।नगर के मुख्य बाजार जय स्तंभ चौक,थोक सब्जी मण्डी,फूटकर सब्जी मण्डी,किराने की दुकानो मे अज्ञात पाकिटमार द्वारा नारगरीको व ग्रामीण के जेबो से मोबाईल व नगद राशि चोरी कर रहे है। थाने में पुलिस बल की कमी के चलते नगर मे नागरीको की सुरक्षा हेतु पुलिस बलो की तैनाती नही की जा रही है। वही लगातार नगर मे गस्त की कमी भी देखी गयी है। नागरीको ने लगातार माकिटमारी की घटना पर विराम धगाने पुलिस गस्त बढाने की मांग की है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा के योगेश वर्मा बने प्रदेश महामंत्री

## युवा नेतृत्व को मिली बड़ी जिम्मेदारी, समाज संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के युवा एवं सक्रिय समाजसेवी योगेश वर्मा को प्रदेश महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर समाजजनों, युवाओं एवं समर्थकों में उत्साह और हर्ष का वातावरण है। उनकी नियुक्ति को समाज में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

योगेश वर्मा लंबे समय से सामाजिक, संगठनात्मक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की है। युवाओं के बीच उनकी सक्रियता, मिलनसार व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता के कारण वे लगातार लोकप्रिय होते गए हैं। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि योगेश वर्मा ने हमेशा समाज हित के मुद्दों को



प्राथमिकता दी है तथा सामाजिक एकता और युवाओं को संगठित करने के लिए निरंतर कार्य किया है। उनकी संगठन क्षमता, समाज के प्रति समर्पण भावना एवं कार्यशैली को देखते हुए महासभा ने उन्हें प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

**युवाओं में दिखा उत्साह, शुभकामनाओं का लगा तांता:** प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने की खबर मिलते ही समाज के वरिष्ठजनों, युवा साथियों एवं शुभचिंतकों द्वारा उन्हें लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज संगठन को नई मजबूती मिलेगी और युवाओं को समाज सेवा के लिए नई दिशा प्राप्त होगी। समाज के लोगों का कहना है कि आज के समय में युवाओं को संगठित कर समाज के विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है और योगेश वर्मा इस जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभाने की क्षमता रखते हैं।

### समाज में मजबूत होगी संगठनात्मक गतिविधियां

योगेश वर्मा की नियुक्ति को लेकर समाजजनों का मानना है कि आने वाले समय में महासभा की गतिविधियों में और तेजी आएगी तथा सामाजिक एकता, शिक्षा, युवा जागरूकता एवं समाज हित के कार्यों को नई गति मिलेगी। समाज के लोगों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

### समाज हित में सदैव कार्य करने की कही बात

नियुक्ति के बाद योगेश वर्मा ने महासभा के शीर्ष नेतृत्व एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सम्मान, संगठन की मजबूती और युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों को जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## जिले में 1 जनपद पंचायत सदस्य, 2 सरपंच एवं 21 पंच पदों के लिए होगा उप निर्वाचन

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिले में रिक्त 01 जनपद पंचायत सदस्य, 02 सरपंच एवं 21 पंच पदों के उप निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 11 मई 2026 को निर्वाचन संबंधी सूचना का प्रकाशन कर दिया गया है।




कार्यक्रम जारी होते ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बेमेतरा सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा पंचायत उप निर्वाचन के सुचारू संचालन हेतु संबंधित खण्ड मुख्यालयों के तहसीलदारों को रिटर्निंग ऑफिसर तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। ये अधिकारी आयोग के निर्देशानुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति से लेकर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिले के विकासखण्ड बेरला अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 रिक्त है, जिसमें ग्राम पंचायत रेवे, भरचट्टी, पतोरा एवं सिलघट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सुरहोली में सरपंच पद तथा ग्राम पंचायत कोदवा वार्ड क्रमांक 04, कंडरका वार्ड क्रमांक 08, बावनलाख वार्ड क्रमांक 09 एवं भरदा वार्ड क्रमांक 03 एवं 10 में पंच पद रिक्त हैं। विकासखण्ड साजा में ग्राम पंचायत उमरावनगर के वार्ड क्रमांक 03 एवं ग्राम पंचायत सोमईखुई के वार्ड क्रमांक 01 में पंच पद रिक्त हैं। वहीं विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम पंचायत बोटेबोड़ में सरपंच तथा ग्राम पंचायत मुरता वार्ड क्रमांक 15 एवं अतरगंवा वार्ड क्रमांक 10 में पंच पदों पर उप निर्वाचन कराया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत पथर्रा के वार्ड क्रमांक 04, 06, 07, 09, 10, 11 एवं 13, ग्राम पंचायत रामपुर वार्ड क्रमांक 07, ग्राम पंचायत बेतर वार्ड क्रमांक 08, ग्राम पंचायत डुडा वार्ड क्रमांक 04, ग्राम पंचायत बंधी वार्ड क्रमांक 05 एवं ग्राम पंचायत भोईनाभाठा वार्ड क्रमांक 04 में रिक्त पंच पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित पदों हेतु निर्वाचन की सूचना, आरक्षण संबंधी जानकारी एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन विहित प्रारूप में 11 मई 2026 को किया गया है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य जनपद पंचायत कार्यालयों में प्रतिदिन पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक किया जाएगा।

नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की जाएगी। अभ्यर्थी 21 मई 2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। आवश्यक होने पर मतदान 01 जून 2026 को प्रातः 07:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के बाद संबंधित मतदान केन्द्रों में ही मतगणना की जाएगी। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा 04 जून 2026 को खण्ड स्तर पर की जाएगी ।

